भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**मौखिक प्रश्न सं. *42**

जिसका उत्तर 04.02.2021 को दिया जाना है

**भारतमाला परियोजना**

*42. श्री विनोद कुमार सोनकरः

श्री निशीथ प्रामाणिकः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में सीमावर्ती/तटीय क्षेत्रों तथा धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों में सड़कों का निर्माण करने के लिये भारतमाला परियोजना कार्यान्वित कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) इस परियोजना के अंतर्गत देशभर में आज तक निर्मित सड़कों का ब्यौरा क्या है;

(घ) इस प्रयोजनार्थ आज तक प्रदत्त धनराशि कितनी है; और

(ङ) देश में इस परियोजना के अंतर्गत कार्यान्वित की जा रही, पूरी की गई एवं प्रस्तावित परियोजनाओं का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

**(क) से (ङ) :** एक विवरण सभा-पटल पर रखा जाता है।

**'भारतमाला परियोजना' के संबंध में श्री विनोद कुमार सोनकर और श्री निशीथ प्रामाणिक द्वारा पूछे गए दिनांक 04.02.2021 के लोक सभा मौखिक प्रश्न संख्या *42 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

**(क):** भारतमाला परियोजना चरण-I के हिस्से के रूप में सीमावर्ती सड़कों / तटीय क्षेत्रों में सड़क कार्य शुरू किया गया है, जबकि धार्मिक / पर्यटन स्थलों में सड़कों का कार्य एनएच (ओं) योजनाओं के अंतर्गत शुरू किया गया है।

**(ख):** भारतमाला परियोजना चरण-I के अंतर्गत सौंपे जाने के लिए लक्षित सीमा और अंतरराष्ट्रीय संपर्कता सड़कों के 2000 किलोमीटर में से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा 977 किमी की लंबाई का कार्य सौंपा गया है जिसमें से 849 किमी की लंबाई का कार्य पूरा कर लिया गया है। सीमा और अंतर्राष्ट्रीय संपर्कता सड़कों के अंतर्गत सौंपी गई सड़कों का विवरण अनुबंध-I पर दिया गया है।

भारतमाला परियोजना चरण-I के अंतर्गत तटीय और पत्तन संपर्कता सड़कों के 2,000 किमी को पूरा करने के लक्ष्य के प्रति, एनएचएआई ने 168 किमी लंबाई का कार्य सौंपा है जिसमें से 14 किमी लंबाई का कार्य पूरा कर लिया गया है। तटीय और पत्तन संपर्कता सड़कों का विवरण अनुबंध-II पर दिया गया है।

**(ग):** भारतमाला परियोजना के अंतर्गत अनुमोदित परियोजनाओं का विवरण और उसकी स्थिति अनुबंध-III पर दी गई है।

**(घ):** एनएचएआई को कोई विशिष्ट योजना / परियोजना वार निधियां आवंटित नहीं की गई हैं। तथापि, सभी प्रकार की सड़कों पर विगत पांच वर्षों और चालू वित्त वर्ष (दिसंबर 2020 तक) में विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत एनएचएआई द्वारा द्वारा प्राप्त निधियां निम्नानुसार है:

| **एनएचएआई द्वारा प्राप्त निधियां (करोड़ रु में)** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **वर्ष** | **उपकर निधि** | **टोल और टीओटी प्लो बैक** | **आईईबीआर** | **एनएच (ओ)** |
| 2015-16 | 15420.00 | 6500.00 | 23281.17 | 370.27 |
| 2016-17 | 2326.50 | 7500.00 | 33117.74 | 5649.02 |
| 2017-18 | 12429.45 | 8462.14 | 50532.52 | 4150.00 |
| 2018-19 | 11569.00 | 19251.63 | 61216.65 | 0.00 |
| 2019-20 | 11091.00 | 15600.00 | 74986.80 | 1000.00 |
| 2020-21 (20 दिसंबर तक) | 15782.60 | 14875.00 | 39752.77 | 1300.00 |

**(ड.):** राज्य / संघ राज्य-वार विवरण अनुबंध-IV पर दिया गया है।

**'भारतमाला परियोजना' के संबंध में श्री विनोद कुमार सोनकर और श्री निशीथ प्रामाणिक द्वारा पूछे गए दिनांक 04.02.2021 के लोक सभा मौखिक प्रश्न संख्या *42 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-I**

सीमावर्ती और अंतर्राष्ट्रीय संपर्कता सड़कों के अंतर्गत सौंपे गए सड़क कार्य का विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | घटक | परियोजना का नाम | भारतमाला चरण-I के अंतर्गत सौंपी गई लंबाई | पूरी की गई लंबाई (किमी) | कुल पूंजीगत लागत (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीमा सड़कें | खेमकरन - गुरदासपुर (पैकेज II) [खेमकरन से अमृतसर बाईपास के आरंभ तक] | 49 | 48 | 212 |
| 2 | सीमा सड़कें | खेमकरन - गुरदासपुर (पैकेज V) [रामदासपुर से गुरदासपुर पैकेज V] | 52 | 50 | 212 |
| 3 | सीमा सड़कें | गागरिया-बाउरी-कलां-सरवा-सता-बखासर और सता-गन्धव | 197 | 193 | 997 |
| 4 | सीमा सड़कें | जैसलमेर भडासार-रामगढ़-तनोत और बडासार-सरकारीतला | 194 | 69 | 762 |
| 5 | सीमा सड़कें | मुनाबाओ (रारा 25ई) - तनोत से किमी 0.000 से किमी 46.000 और किमी 82.600 से किमी 310.467 | 274 | 274 | 1,468 |
| 6 | सीमा सड़कें | राष्ट्रीय राजमार्ग 911 का खाजूवाला-पूगल खंड और पूगल - दनतोर - जग्गासर - गोकुल - गोडू - रंजीतपुरा - चरनवाला - नोख - बाप खंड | 212 | 216 | 912 |
| **कुल** | | | **977** | **849** | **4,563** |

**'भारतमाला परियोजना' के संबंध में श्री विनोद कुमार सोनकर और श्री निशीथ प्रामाणिक द्वारा पूछे गए दिनांक 04.02.2021 के लोक सभा मौखिक प्रश्न संख्या *42 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-II**

तटीय और पत्तन संपर्कता सड़कों का विवरण निम्नानुसार है :

| **क्र. सं.** | **घटक** | **परियोजना का नाम** | **राज्य** | **भारतमाला चरण - I के अंतर्गत सौंपी गई लंबाई** | **पूरी की गई लंबाई (किमी)** | **कुल पूंजीगत लागत (करोड़ रुपये में)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तटीय सड़कें | द्वारका-खंभलिया | गुजरात | 72 | 6 | 1,065 |
| 2 | तटीय सड़कें | दतराना गांव के पास हवाई पट्टी का निर्माण | गुजरात | 5 | - | 106 |
| 3 | पत्तन संपर्कता सड़कें | बेलाकेरी पत्तन सड़क लिंक रोड के किमी 0.00 से किमी 4.265 बेलाकेरी पोर्ट से कुमटा - सिरसी सड़क और एसएच-69 का किमी 4.965 से किमी 60.00 | कर्नाटक | 59 | - | 430 |
| 4 | पत्तन संपर्कता सड़कें | कृष्णापटनम पोर्ट (पैकेज- I) के लिए समर्पित पत्तन सड़क की छह लेन का बनाना किमी 0.000 से किमी 18.000 | आंध्र प्रदेश | 18 | 7 | 289 |
| 5 | पत्तन संपर्कता सड़कें | विशाखापत्तनम पत्तन सड़क किमी 0.000 से किमी 12.700 तक | आंध्र प्रदेश | 13 | - | समाप्त कर दिया गया कार्य पुन: सौंपा जाना है |
| 6 | पत्तन संपर्कता सड़कें | कॉन्वेंट जंक्शन - विजाग पत्तन को पार करके एच -7 क्षेत्र से पत्तन संपर्कता सड़कें तक ग्रेड सेपरेटर का निर्माण | आंध्र प्रदेश | 1 | 1 | 53 |
| **कुल** | | | | **168** | **14** | **1,942** |

**'भारतमाला परियोजना' के संबंध में श्री विनोद कुमार सोनकर और श्री निशीथ प्रामाणिक द्वारा पूछे गए दिनांक 04.02.2021 के लोक सभा मौखिक प्रश्न संख्या *42 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-III**

---

भारतमाला परियोजना के अंतर्गत अनुमोदित परियोजनाओं का विवरण और कार्यान्वयन की स्थिति निम्नानुसार है:

| **वर्गीकरण** | **सौंपी गई लंबाई (किमी)** | **सौंपी गई परियोजनाओं के लिए कुल पूंजीगत लागत (करोड़ रुपये में)** | **लंबाई (पूरी की गई) (किमी)** |
|---|---|---|---|
| आर्थिक गलियारा | 3454 | 95849 | 827 |
| अंतर गलियारा रूट | 766 | 16877 | 154 |
| फीडर रूट | 358 | 7260 | 35 |
| राष्ट्रीय गलियारा | 1231 | 33805 | 368 |
| राष्ट्रीय गलियारा क्षमता सुधार | 611 | 32741 | 187 |
| एक्सप्रेसवे | 1161 | 66382 | 49 |
| परिधीय संपर्क सड़कें | 1145 | 6506 | 863 |
| एनएचडीपी | 4795 | 85626 | 1275 |

**'भारतमाला परियोजना' के संबंध में श्री विनोद कुमार सोनकर और श्री निशीथ प्रामाणिक द्वारा पूछे गए दिनांक 04.02.2021 के लोक सभा मौखिक प्रश्न संख्या *42 के भाग (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-IV**

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

राज्य / केन्द्र शासित प्रदेशवार विवरण इस प्रकार हैं:

| **राज्य** | **समग्र भारतमाला परियोजना में कुल लंबाई (किमी)** | **भारतमाला परियाजना चरण-I में सौंपी गई लंबाई (किमी)** | **पूरी की गई लंबाई (किमी)** |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 3906 | 534 | 206 |
| बिहार | 1695 | 587 | 18 |
| छत्तीसगढ़ | 1063 | 96 | 27 |
| दिल्ली | 392 | 137 | 39 |
| गोवा | 207 | 0 | 0 |
| गुजरात | 4176 | 800 | 124 |
| हरियाणा | 2426 | 686 | 144 |
| हिमाचल प्रदेश | 19 | 102 | 21 |
| जम्मू और कश्मीर | 507 | 106 | 18 |
| झारखंड | 906 | 450 | 218 |
| कर्नाटक | 4155 | 828 | 185 |
| केरल | 1350 | 171 | 5 |
| मध्य प्रदेश | 6073 | 1065 | 222 |
| महाराष्ट्र | 7335 | 1340 | 296 |
| उत्तर पूर्व | 5970 | 82 | 0 |
| ओडिशा | 2930 | 720 | 267 |
| पंजाब | 2411 | 163 | 119 |
| राजस्थान | 5696 | 2057 | 837 |
| तमिलनाडु | 4347 | 1121 | 156 |
| तेलंगाना | 1770 | 463 | 249 |
| उत्तर प्रदेश | 4728 | 1624 | 462 |
| उत्तराखंड | 598 | 81 | 70 |
| पश्चिम बंगाल | 1907 | 243 | 33 |

*****